**प्रेषक,**

**शिक्षा निदेशक(उ0शि0)**
उच्च शिक्षा निदेशालय,
उ0प्र0, प्रयागराज।

**सेवा में,**

**प्राचार्य/प्राचार्या**
राजकीय/सहायता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालय
उत्तर प्रदेश।

**पत्रांक–सहा0नि0(समर्थ)/ /2025–26 दिनांक–** 03.12.2025

**विषयः समर्थ आनलाईन प्रोन्नति प्रक्रिया में स्व अग्रसारित (Auto forward) आरम्भ किये जाने के सम्बंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या–1411–सत्तर–1–2024 दिनांक–16–10–2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो कि राजकीय/अनुदानित महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों/पुस्तकालयाध्यक्षों की प्रोन्नति(CAS) समर्थ पोर्टल के द्वारा ऑनलाईन माध्यम से किये जाने के सम्बन्ध में है। उक्त शासनादेश के क्रम में आपको अवगत कराना है कि समर्थ पोर्टल के माध्यम से समयान्तर्गत प्रोन्नति किये जाने के लिये विभिन्न स्तरों पर समय सीमा निर्धारित की गई है । समयान्तर्गत आवेदन पर निर्णय न लिये जाने पर, आवेदन अगले स्तर पर सम्बंधित की सहमति मानते हुए स्वअग्रसारित (Auto forward) हो जायेगा तथा संम्बंधित की व्यक्तिगत जिम्मेदारी निर्धारित की जायेगी । वर्तमान में सभी स्तरों पर समय–सीमा लागू की जा चुकी है।

अतः **दिनांक 11–12–2025 से समर्थ पोर्टल पर प्रोन्नति(CAS) हेतु आवेदन के लिए समय–सीमा पूर्ण होने के पश्चात स्वअग्रसारित (Auto forward) की प्रक्रिया आरम्भ हो जायेगी** । किसी भी स्तर से स्वअग्रसारित (Auto forward) होने की स्थिति में शासनादेश में विहित व्यवस्थानुसार संम्बंधित की व्यक्तिगत जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जायेगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित की होगी।

अतः उक्त के दृष्टिगत शासनादेश दिनांक 16–10–2024 में वर्णित व्यवस्थानुसार विभिन्न स्तरो हेतु निर्धारित समय–सीमा के भीतर ही कार्यवाही पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

Digitally signed by
DR AMIT BHARADWAJ
Date: 03-12-2025
17:14:49

भवदीय
डा0(अमित भारद्वाज)
शिक्षा निदेशक(उ0शि0)
उ0प्र0, प्रयागराज।

**पृं0सं– सहा0नि0(समर्थ)/** 55-59 **/उक्त तिथि से।**

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त कुलसचिव, राज्य विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त निदेशक नामिनी/विषय विशेषज्ञ, उत्तर प्रदेश।
5. डा0 दिनेश चन्द्र शर्मा, कु0 मायावती राजकीय महिला महाविद्यालय, बादलपुर, गौतमबुद्धनगर।

Digitally signed by
BINDRAWAN LAL SHARMA
Date: 03-12-2025
17:35:46

डा0([illegible] शर्मा)
सहायक निदेशक(उ0शि0)
कृते–शिक्षा निदेशक(उ0शि0)
उ0प्र0, प्रयागराज।